दिनांक : 09.03.2025 समय : 07.10AM

**प्रादेशिक समाचार**
**आकाशवाणी, भोपाल**
**प्रात:कालीन समाचार**

मुख्य समाचार:-

1- राज्य विधानसभा का बजट सत्र कल से, बुधवार को पेश होगा बजट, कांग्रेस विधायक दल की बैठक आज।
2- मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव ने कहा- बेटियों के जबरन धर्मांतरण कराने वालों के खिलाफ सख्त से सख्त कानून बनाने की तैयारी में सरकार।
3- प्रदेश में कल आयोजित लोक अदालत में आपसी सहमति से सुलझाए गए लंबित मामले।
4- आईसीसी चैम्पियन्स ट्रॉफी के फाइनल में आज भारत का मुकाबला न्यूजीलैंड से।

अब समाचार

राज्य विधानसभा का बजट सत्र राज्यपाल के अभिभाषण के साथ कल 10 मार्च से शुरू होगा। 12 मार्च को मौजूदा सरकार द्वारा सदन में मध्यप्रदेश का दूसरा बजट पेश किया जाएगा। सत्र को लेकर अब तक 2 हजार 939 प्रश्न सचिवालय को प्राप्त हुए है, जिसमें 1 हजार 785 प्रश्न ऑनलाइन और 1 हजार 154 प्रश्न ऑफलाइन आए हैं। इसके अलावा स्थगन का एक, शून्यकाल की 5, अशासकीय संकल्प की 13 सूचनाएं प्राप्त हुई हैं। 15 दिवसीय सत्र में 9 बैठकें होना है।

सत्र से पहले मुख्य विपक्षी दल कांग्रेस राज्य सरकार को घेरने के लिए रणनीति तैयार कर रहा है। इसी सिलसिले में विधायक दल की बैठक आज शाम को बुलाई है। इसमें प्रदेश प्रभारी हरीश चौधरी भी शामिल होंगे। कल प्रदेश कांग्रेस किसान संघ का प्रदर्शन भी होगा, जिसमें पार्टी के सभी वरिष्ठ नेता शामिल होंगे। इसको लेकर भी बैठक में रणनीति बनेगी।

संसद के बजट सत्र का दूसरा चरण कल से शुरु होगा और 4 अप्रैल तक चलेगा। इस दौरान सदन की 20 बैठकें होंगी और वर्ष 2024-25 के लिये अनुदान की मांगों और विनियोग विधेयक पर चर्चा होगी और मतदान होगा। इसके अलावा बैंकिंग कानून (संशोधन) विधेयक, तटीय नौवहन विधेयक-2024, त्रिभुवन सहकारी विश्वविद्यालय विधयेक, आव्रजन और विदेशी विधेयक-2025 तथा रेलवे (संशोधन) विधेयक सहित कई विधायी कार्यो पर चर्चा होगी और इन्हें पारित किया जाएगा।

बजट सत्र का पहला सत्र 31 जनवरी से 13 फरवरी तक हुआ था। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने संसद के दोनों सदनों को संबोधित किया था और वित्त मंत्री निर्मला सीतारामन ने केन्द्रीय बजट पेश किया था। पहले चरण में लोकसभा में एक सौ बारह प्रतिशत काम हुआ था।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि राज्य सरकार बेटियों की सुरक्षा और सम्मान को सर्वोच्च प्राथमिकता दे रही है। प्रदेश में बेटियों के साथ दुराचार करने वालों के लिए पहले से ही फांसी की सजा का प्रावधान लागू है। अब जबरन धर्मांतरण कराने वालों के खिलाफ भी सरकार सख्त से सख्त कार्रवाई करेगी। मुख्यमंत्री ने सोशल मीडिया 'एक्स' पर कहा कि मध्यप्रदेश में किसी भी प्रकार की जबरदस्ती, धोखाधड़ी या बहला-फुसलाकर किए गए विवाह और धर्म परिवर्तन को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इसके लिए प्रदेश में धार्मिक स्वतंत्रता अधिनियम प्रभावी रूप से लागू है, जिसके तहत दोषियों के खिलाफ कठोर दंड की व्यवस्था की गई है। सरकार इस कानून को और प्रभावी बनाने के लिए सतत प्रयासरत है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश में महिला सशक्तिकरण की दिशा में कई महत्वपूर्ण योजनाएँ चलाई जा रही हैं, जिससे बेटियाँ आत्मनिर्भर बन सकें और उनके साथ किसी भी प्रकार का अन्याय न हो।

उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा ने कल मंदसौर जिले के ग्राम रठाना और भावता में 26 करोड़ 63 लाख 76 हजार की लागत से निर्मित होने वाली 6 सड़कों का भूमि पूजन किया। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश में सूक्ष्म सिंचाई परियोजनाओं से अब किसान एक वर्ष में 3 बार फसल पैदा कर सकेंगे। श्री देवडा ने कहा कि, 2047 में देश, विश्व की सबसे बड़ी ताकत होगी। उप मुख्यमंत्री ने मंदसौर में औद्योगिक निवेश हो इस पर लगातार कोशिश की जा रही है। कोई भी परिवार बिना पक्के मकान के नहीं रहेगा। उन्होंने कहा कि सरकार युवा, गरीब, किसान, महिलाओं के उत्थान के लिये काम कर रही हैं। उप मुख्यमंत्री श्री देवड़ा ने कहा कि हर जिले में मेडिकल कॉलेज बनाए जा रहे हैं। जिससे आसानी से गरीब व्यक्ति को स्वास्थ्य सुविधाएं मिल सके।

प्रदेश में कल सभी जिला मुख्यालय के साथ-साथ तहसील व राजस्व न्यायालयो में नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया गया। लोक अदालत  में मोटर दुर्घटना क्षतिपूर्ति दावा, धारा 138 एनआई एक्ट, पारिवारिक मामले, समझौता योग्य आपराधिक व सिविल और अन्य मामलों का निराकरण किया गया। आगरमालवा से हमारे संवाददाता ने बताया है कि जिले के साथ ही नलखेड़ा, सुसनेर में नेशनल लोक अदालत हेतु गठित की गई 11 खण्डपीठों में न्यायालय में लंबित 311 प्रकरण परस्पर समझौतों से निराकृत हुए जिससे 777 व्यक्ति लाभान्वित हुये। उधर गुना जिले में आयोजित लोक अदालत में 894 प्रकरणों में से 584 प्रकरण एवं 11739 प्रिलिटिगेशन प्रकरणों मे से 1607 प्रकरणों का निराकरण किया गया। राजगढ़ में जिला एवं तहसील स्तर पर गठित खंडपीठों में कुल 1716 लंबित एवं 1626 प्रीलिटीगेशन प्रकरण सुलह, समझौते व राजीनामे की कार्यवाही से निराकरण हेतु रखे गये हैं।

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर कल प्रदेश भर में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण राज्यमंत्री कृष्णा गौर ने कल भोपाल में कहा कि भारत की संस्कृति में स्त्री को शक्तिरूपा कहा जाता है। हमारे यहां अनादि काल से नारी के सम्मान की परंपरा रही है। श्रीमती गौर ने यह बाच भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान भोपाल तथा शासकीय महारानी लक्ष्मीबाई कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित उमंग कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कही। डिंडौरी में कल अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस कार्यक्रम कलेक्ट्रेट खेल परिसर में आयोजित किया गया। सांसद फग्गन सिंह कुलस्ते ने महिला दिवस की शुभकामनाएं देते हुए अपने संबोधन में कहा कि प्रत्येक क्षेत्र में महिलाओं की भूमिका देखी जा रही है। उधर आगरमालवा में आयोजित हुए जिला स्तरीय सम्मान समारोह में उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिला कर्मचारियों को अतिथियों द्वारा प्रशस्ति पत्र एवं उपहार प्रदान कर सम्मानित किया गया। झाबुआ में कलेक्टर नेहा मीना की उपस्थिति में अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

ग्वालियर में कल से दो दिवसीय शॉर्ट फिल्म फेस्टिवल की शुरुआत हुई। इसका शुभारंभ प्रदेश के संस्कृति मंत्री धर्मेंद्र लोधी ने किया। इस दौरान श्री लोधी ने कहा कि जिस तरह साहित्य समाज का दर्पण होता है, उसी तरह फिल्में समाज की प्रतिबिंब होती हैं। उन्होंने कहा कि समाज में जिस तरह से बदलाव आया है, आज की फिल्मों में भी यह दिखाई दे रहा है। आज बन रही फिल्मों में भारत की बात दिखाई दे रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि पहले एक खास वर्ग के फिल्म निर्माताओं ने हमारे वास्तविक इतिहास को छिपाया और समाज को भ्रमित करने का प्रयास किया। लेकिन आज ऐसी फिल्में बन रही हैं जो वास्तविकता को दर्शा रही हैं।

दुबई में उत्सुकता का माहौल है, क्योंकि आज भारत और न्यूजीलैंड के बीच आईसीसी पुरुष चैंपियंस ट्रॉफी 2025 का फाइनल मुकाबला खेला जाएगा। मैच दोपहर ढाई बजे से शुरू होगा। सेमीफाइनल में भारत ने ऑस्ट्रेलिया को और न्यूज़ीलैंड ने दक्षिण अफ्रीका को हराया था। प्रतियोगिता में अपने सभी मैच जीतने वाली भारतीय टीम ने ग्रुप मैच में न्यूजीलैंड को हराया था। प्री-मैच प्रेस कॉन्फ्रेंस में बोलते हुए भारत के उपकप्तान शुभमन गिल ने कहा कि 2024 में भारत की टी20 विश्व कप जीत ने टीम से कुछ दबाव हटा दिया है। वहीं न्यूजीलैंड के मिचेल सेंटनर ने प्री-मैच प्रेस कॉन्फ्रेंस में बोलते हुए उम्मीद जताई है कि न्यूजीलैंड आगामी आईसीसी फाइनल में भारत के खिलाफ अपनी किस्मत बदल सकता है, उन्होंने फॉर्म में चल रही भारतीय टीम की चुनौती को स्वीकार किया।

संक्षिप्त समाचार

1- उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल ने विश्व महिला दिवस के अवसर पर कल  रीवा के कृष्णा राजकपूर ऑडिटोरियम में आयोजित जनजातीय आनंद उत्सव का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री ने कहा कि विंध्य सदैव कला और संस्कृति की प्रतिभाओं से समृद्ध रहा है।

2- मंडला जिले के रानी दुर्गावती महाविद्यालय में आज शौर्य वंदन का कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। जिसमे प्रदेश शासन की लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री  संपतिया उइके और सांसद  फग्गन सिंह कुलस्ते शामिल होंगे।

3- ग्वालियर जिले में महिला सशक्तिकरण के लिये कलेक्टर रुचिका चौहान ने पेट्रोल पंपों पर फ्यूल डिलवेरी वर्कर के रूप में महिलाओं को जिम्मेदारी सौंपी है। इन महिलाओं को शक्ति दीदी का नाम दिया गया है।

4- राजगढ कलेक्टर डॉ गिरीश कुमार मिश्रा द्वारा कल दिव्यांगजन सुगम्य यात्रा को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया।

5- बैतूल कलेक्टर नरेंद्र कुमार सूर्यवंशी ने कल पशुपालन विभाग की संचालित सभी गतिविधियों एवं योजनाओं पर विस्तार से समीक्षा की।

-------